# संक्षिप्त सार

## शुक्रवार तक नर्सरी कक्षा, दाखिला के लिए उपलब्ध सीट का विवरण घोषित होने की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निजी स्कूलों में 2023-24 शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश स्तर की सभी कक्षाओं का विवरण शुक्रवार तक घोषित होने की उम्मीद है। दिल्लीमें 1,800 से अधिक निजी स्कूलों में प्रवेश स्तर की कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू हुई थी। दिल्लीसरकार के शिक्षा निदेशालय ने पिछले महीने एक परिपत्र में कहा था कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। परिपत्र के मुताबिक, दाखिला के लिए चयनित छात्रों की पहली सूची और प्रतीक्षा सूची 20 जनवरी को आएगी। दाखिला के लिए चयनित छात्रों की दूसरी सूची 6 फरवरी को अपलोड की जाएगी। निजी गैर-सहायता प्राप्त विद्यालयों ने दाखिला के लिए अपने मानदंड अपनी वेबसाइट पर पहले ही अपलोड कर दिए हैं। परिपत्र में कहा गया है कि स्कूल अपने नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर दाखिला कार्यक्रम प्रदर्शित करेगा। प्रत्येक स्कूल यह भी सुनिश्चित करेगा कि दाखिला के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक सभी आवेदकों को उपलब्ध कराया जाए। अधिसूचना में कहा गया है कि दाखिला पंजीकरण शुल्क के रूप में 25 रुपये की गैर-वापसी योग्य राशि ली जा सकती है। अभिभावक द्वारा स्कूल विवरणिका की खरीद वैकल्पिक होगी। परिपत्र में कहा गया है कि सभी निजी स्कूल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और वंचित समूहों तथा दिव्यांग बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित करेंगे।

## करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद जानलेवा बना हुआ है दिल्लीमें प्रदूषणः जितेन्द्र वत्स

**नई दिल्ली।** अशोक नगर आर.डब्लू.ए.के अध्यक्ष जितेन्द्र वत्स का कहना है राजधानी दिल्लीमें प्रदूषण लगातार चिंता का विषय बना हुआ है। आलम यह है कि इस मद पर करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद हालातों पर काबू नहीं पाया जा सका। जितेन्द्र वत्स कहते हैं दिल्लीसरकार द्वारा कनाट प्लेस तथा पूर्वी दिल्लीके कृष्णा नगर में प्रदूषण कम करने के लिए करोड़ो रूपये लगा कर समाग टावर बनाये गए थे लेकिन वे भी राजधानी दिल्लीका प्रदूषण नियंत्रित नहीं कर पाए। इसके अलावा भी दावे किये गए थे और कई करोड़ रूपये प्रदूषण कम करने की योजनाओं पर खर्च किये गए बावजूद इसके दिल्लीप्रदूषण में विश्व की अंकतालिका में प्रथम स्थान पर है। राजधानी में प्रत्येक वर्ष सर्दियों में प्रदूषण दम घोटू बन जाता है परंतु इस वर्ष वायु प्रदूषण का एक्यूआई रिकॉर्ड तोड़ उच्च स्थान पर पहुँच गया है, मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने प्रदूषण की रोकथाम के लिए 15 सूत्री विन्टर एक्शन प्लान की घोषणा की थी, जिसकी पोल खुल गई है और प्रदूषित वायु से दिल्लीके लोगों का दम घुट रहा है। जितेन्द्र वत्स कहते हैं राजधानी में प्रदूषण के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनो बराबर के जिम्मेदार है। मुख्यमंत्री के विन्टर एक्टन प्लान में प्रदूषण नियंत्रण के लिए पराली डिकम्पोज़र को प्रथम स्थान दिया है उस पराली घोल को पंजाब की मान सरकार के प्रदूषण बोर्ड में फेल करार दिया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने 68 लाख पराली घोल इस्तेमाल के प्रचार के लिए 23 करोड़ खर्च करके केन्द्रीय एजेंसियों को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने दिल्लीमें करोड़ो रुपये खर्च करके कनॉट प्लेस और आनन्द विहार में प्रदूषण नियंत्रण के लिए दो स्मॉग टावर लगवाएं, वो प्रदूषण नियंत्रित करने सहित हर मोर्चे पर विफल साबित हुए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण रोकथाम के लिए विंटर एक्शन प्लान के 15 सूत्री कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति मुद्दे रखे गए है जिन पर 8 वर्षों से सरकार विफल साबित होती आ रही है।

## लगातार बढ़ रहे हैं महिलाओं तथा बच्चों के प्रति अपराध दिल्लीमें नीलम चौधरी

**नई दिल्ली।** बाबरपुर जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नीलम चौधरी का कहना है राजधानी में लगातार महिलाओं तथा बच्चों के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। नीलम चौधरी कहती हैं पिछले 8 वर्षों में दिल्लीमें अपराधिक मामलों में वृधि हुई, इनमें महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों के साथ यौन शोषण और अत्याचार के मामलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिन पर नियंत्रण करने में दिल्लीसरकार और दिल्लीपुलिस विफल साबित रही है। उन्हांने कहा कि दिल्लीमें बढ़ते अपराधों की जिम्मेदारी कौन लेगा, क्योंकि अपराधिक केपिटल बन चुकी राजधानी में केजरीवाल यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि पुलिस केन्द्र सरकार के आधीन है। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और केन्द्र सरकार के गृहमंत्रालय द्वारा कानून व्यवस्था की विफलता और असंवेदनशीलता के कारण राजधानी में अपराधिक गतिविधियां में लगातार वृद्धि हो रही है और दिल्लीमें अपराधिक घटनाओं में पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो चिंता का विषय है। नीलम चौधरी ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल दिल्लीको मॉडल शहर कहते है। केजरीवाल का यह कैसी मॉडल राजधानी है, जहां महिलाऐं, बच्ची और बच्चे सुरक्षित नहीं है। निर्भया पर राजनीति करके सत्ता हथियाने वाले केजरीवाल की दिल्लीमें यौन शोषण और उत्पीड़न से पीड़ितों के प्रति कोई सहानूभूति नही है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की सत्ता और राजनीतिक बढ़ोत्तरी की अपेक्षा इतनी अधिक बढ़ गई है।

# 8 साल में 3000 छापे, सिर्फ 23 दोषीः सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में उठाया आप की कार्रवाई का मुद्दा

**आप सांसद संजय सिंह ने सरकार के चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बाहर बोलने दिया जा रहा है और न ही संसद के अंदर इस मुद्दे पर बोलने दिया जा रहा है।**



**नई दिल्ली/एजेंसी।** राज्यसभा में संसद के शून्यकाल सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियों के कथित दुरूपयोग का मामला उठाया। इससे पहले चर्चा के नोटिस में आप ने आरोप लगाया था कि पिछले एमसीडी चुनावों में नवनिर्वाचित पार्षदों को प्रलोभन देकर फंसाया गया और आप पार्षदों को प्रताड़ित करने के %असफल% प्रयास किए गए। इस मुद्दे ने संसद में तीखी आलोचना की, जिसके बाद उच्च सदन में हंगामा हुआ। आप सांसद संजय सिंह ने सरकार के चरित्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष को न तो बाहर बोलने दिया जा रहा है और न ही संसद के अंदर इस मुद्दे पर बोलने दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय का दुरुपयोग करके पिछले आठ वर्षों में विपक्षी नेताओं पर लगभग 3,000 छापे मारे गए। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, ईडी केवल 23 लोगों को दोषी ठहराने में सफल रहा, यानी छापे और तलाशी का 0.5त्न जो शुरू किया गया था। इसके अलावा, संजय सिंह ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी, पूर्व क्रिकेट प्रशासक और आईपीएल के संस्थापक ललित मोदी पर कथित चुप्पी से संबंधित एक सवाल किया।

संजय सिंह ने पूछा कि 20,000 करोड़ रुपये के घोटालेबाज नीरव मोदी के खिलाफ ईडी चुप क्यों है? मेरा सवाल है कि ईडी और सीबीआई लुटेरे नीरव मोदी, विजय माल्या, ललित मोदी, रेड्डी ब्रदर्स, येदियुरप्पा और व्यापमं घोटाले पर कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं? आपसे जुड़े सभी भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जाती?।

# जन आशीर्वाद यात्रा निकाली मुकेश बंसल ने

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

कर्दम पुरी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी के नव निर्वाचित निगम पार्षद मुकेश बंसल नें चुनाव जीतने के बाद पूरे वार्ड में जन आशीर्वाद यात्रा निकाल लोगो का आभार व्यक्त किया और आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि मुकेश बंसल कर्दमपुरी वार्ड से पन्द्रह हजार सत्तर वोट हांसिल कर चुनाव जीते हैं। जबकि इस वार्ड से आम आदमी पार्टी के मुकेश यादव सात हजार पांच सौ 93 मत लेकर दूसरे स्थान पर तो कांग्रेस से संजय गौड़ चार हजार तीन सौ पन्द्रह मत लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे जबकि राष्ट्रीय लोकदल से रेखा वशिष्ठ चार हजार दो सौ नव्वासी मत लेकर चौथे स्थान पर रही थी। मुकेश बंसल अपनी शानदार कामयाबी को जनता तथा भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की कामयाबी बताते हैं। मुकेश बंसल नगर निगम का पिछला चुनाव भी लड़े थे लेकिन मामूली अन्तराल से हार गए थे। उस वक्त आम आदमी पार्टी के साजिद खान नें उन्हें हराया था। साजिद का इस बार वार्ड बदल गया था और वे कबीर नगर से चुनाव लड़े



थे जहां से कांग्रेस के हाजी जरीफ नें उन्हें बड़े अंतराल से हरा दिया। मुकेश बंसल कहते हैं जिस तरह चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें जनता का भारी समर्थन मिला था और उनकी जीत सुनिश्चित हुई थी उसी तह जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगो नें उन्हें आशीर्वाद दिया। मुकेश बंसल नें वार्ड की जनता का आभार व्यक्त करने के लिए ज़न आशीर्वाद यात्रा निकाली जिसमें लोगों का उत्साह देखते ही बनता था।

## रूहानीः आपकी रूह (आत्मा) की कला

**नई दिल्ली।** रूहानी कलाकार गुरसिमरन कौर द्वारा चित्रों (पेंटिंग) और डिजाइनर टेबलों का एक सोलो शो (एकल प्रदर्शनी) है, जिसे नीरज मित्रा द्वारा क्यूरेट किया गया है। उद्घाटन समारोह रविवार 11 दिसंबर 2022 को शाम 6 बजे लेफ्टिनेंट द्वारा आर्ट एस्ट- एन आर्ट एबोडमें आयोजित किया गया था। एक व्यक्तित्व परिवर्तन और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता कोच, डॉ. रीता गंगवानी को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा भी सम्मानित किया गया है।यह प्रदर्शनी 15 जनवरी, 2023 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक आर्टएस्ट- एन आर्ट एबोड, ब्लॉक B- BCD गेट- विपुल वर्ल्ड, सेक्टर 48- गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित होगी। दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ी गुरसिमरन कौर एक कलाकार और कला शिक्षिका हैं। दिल्ली में जन्मी और पली-बढ़ी गुरसिमरन कौर एक कलाकार और कला शिक्षक हैं। उतार-चढ़ाव से भरी एक सुंदर और साहसिक यात्रा है, जिसे विभिन्न प्रतीकों, डिजाइनों, रंगों, माध्यमों और बहुत कुछ के माध्यम से चित्रित किया गया है। पेंटिंग बनाने के अलावा, कलाकार ने एक और चुनौती अपने हाथ में ली है क्योंकि वह



चाहती थी कि उसकी कला बहु-आयामी हो। वह एक सुंदर, चमकदार हाथ से पेंट की गई लकड़ी की मेजों की एक श्रृंखला के साथ आई है। उन्कुहोंने कुछ रचनाओं को और अधिक नाटकीय बनाने के लिए एक प्राकृतिक लकड़ी के डिजाइन को बनाए रखा है।

# जैन धर्मावलंबियों का आह्वान, श्री सम्मेद शिखरजी को अहिंसक व शाकाहारी पवित्र धार्मिक जैन तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाये

**नई दिल्ली(अ.इ.)।**




झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित श्री सम्मेद शिखर जी, जिसे पारसनाथ के नाम से भी जाना जाता है, जैन धर्म का अनादि निधन, सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र है, जहां से 24 में से 20 तीर्थंकरों के साथ कोड़ा-कोड़ी महामुनिराज भी सिद्धालय गए हैं। इस तीर्थ क्षेत्र का कण-कण इतना पवित्र है कि कहा जाता है जो यहां निर्मल भावों से एक बार वंदना कर लेता है, उसको कभी नरक त्रियंच गति का बंध नहीं होता। ऐसे पवित्र पावन तीर्थ पर कुछ समय से लगातार अप्रिय घटनाओं के होने से श्री सम्मेद शिखरजी तीर्थ क्षेत्र की सुरक्षा व पवित्रता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह लग गया है। इसका प्रमुख कारण रहा जब सब लोगों ने चैनल महालक्ष्मी के माध्यम से, वहां पर बनी पवित्र टोंके (मंदिर रूप जहां से तीर्थंकर मोक्ष गए) पर हजारों लोग घूमने मस्ती करने की भावना से चढ़ते हुए, जूते - चप्पल उन चरणों पर लेकर खड़े होकर, फोटो शूट कराते दिखे, वही चरण, जिन पर मस्तक रखकर हर व्यक्ति अपने को धन्य समझता है। साथ ही वहां पर पवित्र पारसनाथ की तलहटी में मंदिरों के बीच मांस पकाते भी फुटेज में कैद हुए। ऐसे पवित्र तीर्थ पर मांस मदिरा जहां बिल्कुल निषेध होनी चाहिए, वहां सार्वजनिक रूप से खरीदी बेची जाती है। इसी तरह जब झारखंड अलग राज्य नहीं बना था तब तत्कालीन बिहार सरकार ने इसे वन्य जीवन अभ्यारण ( Wildlife Sanctuary ) आधिकारिक गजट दिनांक 21 अगस्त , 1983 से घोषित कर दिया, जिस तीर्थ क्षेत्र को पवित्र अहिंसक शाकाहार क्षेत्र घोषित करना चाहिए था, उसी गजट को आधार बनाकर 2 अगस्त 2019 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने इसे इको सेंसेटिव जोन की परिधि में ला दिया। इससे पूर्व 2016 में भी इस सम्मेद शिखरजी क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र घोषित कर दिया गया था

जैनों के इस सबसे बड़ा तीर्थ क्षेत्र को इन तीन गज़ट की गई आधिकारिक सूचनाएं, इस तीर्थ की पावनता, पवित्रता व सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बनती जा रही हैं जैसा आप सभी जानते हैं जैनों का ही एक और बड़ा तीर्थ गुजरात में स्थित पालीताणा, देश का सबसे पहला शाकाहार क्षेत्र घोषित किया गया। उसके बाद उत्तर प्रदेश के अयोध्या, काशी, मथुरा क्षेत्र पवित्र को तीर्थ घोषित किया गया। जैन समाज लगातार, अहिंसा -शाकाहार का पूरे विश्व में उद्घोष करने वाले श्री सम्मेद शिखरजी को पवित्रतम जैन तीर्थ क्षेत्र रूप से घोषित किया जाए।

# यूफ्लेक्स ने मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया

**नोएडा।** यूफ्लेक्स लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अशोक चतुर्वेदी ने न्यूयॉर्क में न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज की बैठक में एलायंस टु एंड प्लास्टिक वेस्ट बोर्ड की बैठक में मल्टी-लेयर्ड प्लास्टिक को दोबारा रिसाइकिल करने के बारे में अपने विचारों और दृष्टिकोण को साझा किया। यूफ्लेक्स भारत में फ्लेक्सबिल पैकेजिंग मटीरियल और सोल्यूशन के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी है। इस कंपनी को दुनिया भर में मिक्सड प्लास्टिक वेस्ट की रिसाइक्लिंग की पहली कंपनी होने का श्रेय दिया जाता है। कंपनी का रिसाइक्लिंग संयंत्र भारत के एनसीआर क्षेत्र, नोएडा में 1995 से है। कंपनी के रिसाइक्लिंग के दिशा में किए गए प्रयासों की दावोस रिसाइक्लिंग फोरम और भारत सरकार ने पहचान की है।



न्यूयॉर्क में हुई एईपीडब्ल्यू की बोर्ड मीटिंग में चतुर्वेदी ने दुनिया भर में मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक के लगातार एवं अत्यावश्यक इस्तेमाल का मुद्दा मजबूती से उठाया। यह जरूरी और आवश्यक कई पदार्थों की पैकेजिंग के लिए अवरोधक का काम करते हैं, जिसमें फूड प्रॉडक्ट्स भी शामिल हैं। यह तेज रफ्तार से पैकेजिंग के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। इन्हें 100 फीसदी रीसाइकिल किया जा सकता है। चतुर्वेदी की एईपीडब्ल्यू बोर्ड के सामने दी गई प्रेजेंटेशन में नोएडा, पौलेंड और मैक्सिको में यूफ ?लेक्स के रिसाइक्लिंग संयंत्र का वर्चुअल दौरा भी शामिल था। इन संयंत्रों में उपभोक्ताओं के इस्तेमाल के बाद मिक ?स ?ड प्लास्टिक वेस्ट को घरों में काम आने वाले उपयोगी पदार्थों और इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स के रूप में तब्दील किया जाता है। जैसे कूड़ेदान, आउटडोर फर्नीचर और अन्य वस्तुओं का निर्माण रिसाइकिल किए गए प्लास्टिक प्रॉडक्ट्स से किया जाता है। यूफ्लेक्स की नोएडा में एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग की फैक्ट्री है। आज, यूफलेक्स के रिसाइक्लिंग प्लांट में रिसाइकिल किए गए ग्रैन्यूल्स से सजावटी, क्रियाशील, इंजीनियरिंग पार्ट्स, घरेलू सामान, ऑफिस प्रोडक ?ट्स और कई दूसरे सामान बनाए जाते हैं। यूफ्लेक्स ने अभी तक 5 लाख से ज्यादा मल्टी-लेयर मिक्स्ड प्लास्टिक वेस्ट को रिसाइकिल किया है।


**शुद्धिपत्र नं.1**

डीआरएम(वर्क्स)/केआईआर के **सूचना संख्या KIR/Engg/54 (निविदा संख्या-2) of 2022 दिनांक : 24-11-2022** के अनुसार कार्य अनुबंध की "ई" निविदा के लिए शुद्धिपत्र। **बंद करने की तिथि और समय** 22-12-2022 के 15:00 बजे के जगह अब **03-01-2023** के **15:00** बजे के रूप में पढ़ा जाएगा और 22-12-2022 के 15:30 बजे के जगह अब **03-01-2023** के **15:30** बजे **खोला** जाएगा। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** लग इन करें।

डीआरएम(डब्ल्यू), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शार्टकट की राजनीती पड़ेगी देश पर भारी: विनीत जैन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के वरिष्ठ नेता विनीत कुमार जैन नें महाराष्ट्र में प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के उस वक्तव्य का स्वागत किया है जिसमे श्री मोदी नें आह्वान किया शार्टकट की राजनीती मुल्क में बंद होनी चाहिए। प्रधानमन्त्री श्री मोदी नें सभी करदाताओं और खास तौर से युवा वर्ग से आह्वान किया जो लोग अपने निजी स्वार्थों के तहत इस तरह की राजनीती करते हैं उनका बहिष्कार करें। विनीत जैन नें कहा मुफ्त-मुफ्त की राजनीती किसी भी मुल्क को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा सरकारों के पास सीमित साधन होने के बावजूद कुछ राजनैतिक दल सत्ता प्राप्ति के लिए झूठे वायदे करते हैं और ऐसी चाल चलते हैं जिससे उन्हें सत्ता तो मिल जाती है ।

# भीम योद्धा अवार्ड द्वारा 22 राष्ट्र भक्तों को किया सम्मानितः खोसला

**नई दिल्ली (अ.इ.)।**

भीम ब्रिगेड ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने भीम ब्रिगेड की दसवीं वर्षगांठ पर बताया बताया भीम ब्रिगेड का गठन शेरे जम्मू कश्मीर प्रो भीम सिंह द्वारा जंतर मंतर से किया गया जनता को न्याय अधिकार दिलाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक निशान एक संविधान की आवाज प्रोफेसर भीम सिंह जी उठाते आए जिसे धारा 370 खत्म कर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को पूरा किया भीम सिंह जी ने सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक आवाम की आवाज बुलंद करते रहे सरकार में रहते हुए भी जनता के हित के लिए सरकार का विरोध करते रहे मां जनता को न्याय दिलाने की जद्दोजहद करते रहे यह मिसाल है




प्रो भीम सिंह जी की प्रो भीम सिंह जी का इंतकाल 31 मई 2022 जम्मू के अस्पताल में हुआ! भीम योद्धा अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया श्रीमती जयमाला जी धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रो भीम सिंह जी जिनके मार्गदर्शन मैं अब आगे चलते रहेंगे प्रो भीम सिंह जी की सोच समता ,समानता, एकता, शांति, और उन्नति का पैगाम देते रहेंगे हमारी सभी देशवासियों से निवेदन है कि किसी भी प्रकार की समस्या के लिए भीम ब्रिगेड ट्रस्ट से संपर्क करें वा जनहित समस्याओं का समाधान पाएं! भीम ब्रिगेड का गठन शेर ए जम्मू कश्मीर प्रो भीम सिंह जी ने 12 तारीख 12 महीना 2012 सन 12 बज कर 12 मिनट 12 सेकंड पर जंतर मंतर से जनता को न्याय वाअधिकार दिलाने के लिए किया दसवीं वर्षगांठ पर आदरणीय पूर्व न्यायाधीश ओ पी सपरा जी द्वारा सम्मानित किया गया माननीय मुजफ्फरनगर से आए विजय कुमार जी को जो पिछले 27 वर्षों से प्रशासन के खिलाफ धरना दे रहे हैं वा नन्ही बच्ची कोली जी को जिसने रंग दे बसंती पर खूबसूरत डांस किया बच्चे ही देश का भविष्य है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता**
**सा.नि.वि. विद्युत खण्ड द्वितीय, जोधपुर**

क्रमांकः- अअ/ वि.2/जो/ निविदा/ 2022-23/ 3304 दिनांकः- 02/12/2022

**निविदा सूचना संख्याः 47/ 2022-23** NIBCode PWD2223A3081

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न विद्युतीकरण कार्यो हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों द्वारा विद्युत कार्यों हेतु ई- टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in व http://www.sppp.rajasthan.gov.in/ व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा की कुल लागत | : | रू. 338.02 लाख अधिकतम एकल कार्य की राशि 197.00 लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | अनुमानित लागत की दो प्रतिशत अथवा नियमानुसार |
| निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख व समय | | 03.12.2022 से 19.12.2022 तक सांय 6.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख व समय | : | 03.12.2022 से 19.12.2022 तक सांय 6.00 बजे |
| तकनिकी / वित्तीय बिड़ खोलने की तारीख व समय | : | 20.12.2022 अपरान्ह 11.00 बजे से |
| प्री- बिड मीटिंग की तारीख व समय | : | 15.12.2022 को दोपहर 1.00 बजे से अधिशाषी अभियंता सा.नि. वि. विद्युत खण्ड द्वितीय जोधपुर कार्यालय में |
| कार्य का विवरण | 1 | Electrification work in Construction of Court Building ,Sirohi . 197.00 लाख UBN NO. PWD2223WSOB12067 |
| | 2 | Road Lighting Work In Construction Of Four Lane Road Mata Ka Than To Nagaur road Via Anganwa- Surpura Km 0/0 To 9/ 400 141.02 लाख UBN.NO. PWD2223WSOB12068 |

अधिशाषी अभियंता
डीआईपीआर/सी/15677/22 सा.नि.वि. विद्युत खण्ड द्वितीय, जोधपुर



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| क्रमांक | एन आई टी | 30-2022-23- डब्ल्यू-5 |
|---|---|---|
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | सहायक अभ्यंता तुगलकाबाद के अंतर्गत JNC-PWL सेक्शन के बीच पलवल और बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर 6.10 मीटर अतिरिक्त एफ0 ओ0 बी0 के प्रावधन के संबंध में सिविल कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : रनिंग ट्रैक में गर्डर, प्लेट गर्डर, एफ0 ओ0 बी0 आदि के माध्यम से गर्डर का निर्माण, आपूर्ति, संयोजन, निर्माण संबंधित |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | रुपये 40692407.44 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) **नोटः-** रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सी टी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। रुपये 353500.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 8 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 03.01.2023 को 15.00 बजे तक तथा 03.01.2023 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2022-23/W-V/30 Dated : 12.12.2022 3298/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

| | एन आई टी | 25-B, C, D, E & F-2022-23-डब्ल्यू-5 |
|---|---|---|

1 **काम का नाम (स्थान के साथ):**
**क्रमांकः B)** सहायक अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन दिल्ली सराय रोहिल्ला-रेवाड़ी सेक्शन के बीच विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए शौचालय, रैंप और अन्य सुविधाओं का प्रावधान कार्य।
**समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
**क्रमांकः C)** सहायक अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./का./एम./तुगलकाबाद के सेक्शन में डीजल शेड तुगलकाबाद में ट्रैक्शन मोटर सेक्शन में वी.डी.एफ. फ्लोरिंग के साथ मेल सेक्शन के निरीक्षण गढ़ों का पुनर्निर्माण कार्य।
**समान कार्य की प्रकृतिः** कोई भी सिविल कार्य जिसमें कंक्रीटिंग कार्य शामिल है।
**क्रमांकः D)** सहायक अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एसएसई/गुडगांव सेक्शन में 2022-23 की अवधि के लिए दिल्ली सराई रोहिल्ला-रेवाड़ी सेक्शन पर ब्रिज रिपेयर जोन का कार्य।
**समान कार्य की प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।
**क्रमांकः E)** वरिष्ठ मंडल अभियंता/दिल्ली के अधीन दिल्ली क्षेत्र में हरित पट्टी का विकास कार्य।
**क्रमांकः F)** सहायक अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर पार्सल कार्गो कॉम्प्लेक्स का विकास कार्य।
**समान कार्य की प्रकृतिः** स्टील फैब्रिकेशन या एफओबी या प्लेटफार्म शेल्टर या इंडस्ट्रियल शेड या स्टील/कम्पोजिट गर्डर ब्रिज या चैनल स्लीपर्स के माइक्रोवेव/एचटी टावर के निर्माण और निर्माण का कोई भी कार्य।

2 **काम की अनुमानित लागत (रुपये): B)** रु. 2,20,26,726.28, **C)** रु. 83,06,390.71, **D)** रु. 54,99,900.90, **E)** रु. 27,11,741.54, **F)** रु. 2,16,90,457.47

3 **अग्रिम राशि (रुपये):** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः- रेलवे बोर्डो के पत्र संख्या 2015/ सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आई आर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।)
**B)** रु. 2,60,100.00, **C)** रु. 1,66,100.00, **D)** रु. 1,10,000.00, **E)** रु. 54,200.00, **F)** रु. 2,58,500.00

4 **काम की समाप्ति अवधिः B)** 6 महीने, **C)** 5 महीने, **D)** 6 महीने, **E)** 4 महीने, **F)** 6 महीने

5 **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समयः** 06.01.2023 को 15.00 बजे तक तथा 06.01.2023 को 15.00 बजे निविदा खुलना है।

6 **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः** यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

सं.: 128-W/280/OET/2022-23/W-V/25-B, C, D, E & F दिनांकः 12.12.2022 3303/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ